लोक सभा अध्यक्ष ने राजस्थान राज्य के स्थापना दिवस के की पूर्व संध्या पर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी

...

नई दिल्ली; 29 मार्च, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने राजस्थान राज्य के स्थापना दिवस के की पूर्व संध्या पर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा:

"सभी को राजस्थान राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और वैभवशाली विरासत को सहेजे राजस्थान का सम्पूर्ण भारत में महत्वपूर्ण स्थान है।

वीरता और शौर्य मरूधरा को परिभाषित करते हैं। ऐतिहासिक काल से आधुनिक समय तक जब भी प्रदेश और देश पर कोई संकट आया यहां के सूरमाओं और वीरांगनाओं ने मातृभूमि के गौरव की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। आज भी सीमाओं की सुरक्षा में राजस्थान के वीर बेटे-बेटियां अहम योगदान दे रहे हैं।

आन-बान और शान की धरती राजस्थान सर्वधर्म समभाव में भी अग्रणी है। यहां सभी धर्मों और संप्रदायों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं और एक-दूसरे के त्यौहारों को साथ मनाते हैं।

दोस्तों, प्राकृतिक सौंदर्य में भी राजस्थान अद्वितीय है। यहां के पर्यटन स्थल, वन्यजीव अभ्यारण्य, टाइगर रिजर्व, स्थापत्य कला के अद्भुत उदाहरण किले और हवेलियां, थार का रेगिस्तान दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। आतिथ्य की भावना से परिपूर्ण राजस्थान के लोग इन पर्यटकों का सत्कार भी करते हैं और उनको सम्मान भी भरपूर देते हैं।

अपनी कर्मशीलता, उद्यमिता, सामर्थ्य, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और पुरूषार्थ से राजस्थान के लोग प्रदेश तथा देश की उन्नति में भी अहम सहभागी हैं। भारत को विकसित बनाने की दिशा में राजस्थान बासियों का सक्रिय और सराहनीय योगदान रहा है।

आज राजस्थान दिवस के अवसर पर इस वंदनीय भूमि को नमन करते हुए मैं प्रदेश की उन्नति तथा यहां के लोगों के कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं।"